# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष,09- 2083 | भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 19 अक्टूबा,2026

## न्यूज गैलरी

### दुर्गा विसर्जन के दिन घाटों पर गोताखोर, नावों के साथ क्रेन तैनात रखने के निर्देश

भोपाल। भोपाल में दुर्गा प्रतिमाओं के सुरक्षित और सुव्यवस्थित विसर्जन को लेकर नगर पालिक निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ सहित प्रेमपुरा, छोटी कासलापति, छोटलापुरा, शाहपुरा, नाहीखेड़ी और लसाईखेड़ा के विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाएं लागू से पहले पूरी करने और विसर्जन कार्य सम्पन्न तक इन्हें सुचारू रखने के निर्देश दिए। जैन ने प्रशासन व्यवस्था, ब्रेन व अन्य संसाधन, साफ-सफाई और पेयजल को उच्च स्तर पर बनाए रखने के साथ घाटों से मूर्तियों के अवशेष तुरंत हटाकर स्थल साफ रखने को कहा। सुरक्षा के लिए मैकिनिंडिंग, गोताखोर, नाव और फायर अमला जैसी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### अक्टूबर में उमस्य भोपाल में रात का पारा 22 डिग्री, आज बूंदाबांदी के आसार

भोपाल।अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा चल रहा है, लेकिन भोपाल में इस बार दिन के साथ रात में भी उमस लोगों को परेशान कर रही है। सामान्य तौर पर अक्टूबर में रातें ठंडी होने लगती हैं, लेकिन इस बार न्यूनतम तापमान 48 घंटे से 22 सेल्सियस के आसपास है। 24 घंटे में इसमें 0.4 डिग्री की गिरावट आई।

2013 से अक्टूबर 2024 तक सिर्फ 5 बार रात में 18 व 19 डिग्री रहा। सिर्फ पिछले साल 21 और इस साल 22 डिग्री है। यानी रात में पहले के मुकाबले तापमान में ब्लोतरी कम की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री रहा, जो सामान्य के मुकाबले 1.3 डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञ सोनी-जलाकरण में नमी-बादलों से दिन-रात का तापमान घटा।

रात में तापमान सामान्य से ज्यादा रहने से रातों में पंखे, कूलर चल रहे हैं। बिजली कंपनी के सिटी सर्किल के जनरल मैनेजर पीयूष चौहान ने बताया कि पिछले सात के मुकाबले बिजली खपत 40-45 गई है। पिछले सात अक्टूबर में 750 मेगावाट की खपत थी।

आगे क्या... सेक्सर्वोकोलर में बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

### लिमिट बढ़ाने का लालच देकर कारोबारी से 50 हजार ठगे

भोपाल। मंगलवारा इलाके में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच देकर दवाओं कारोबारी हितेशाज अंसारी (41) से 50 हजार रुपए की साइबर ठगी हो गई। ठग ने खुद को बैंक से जुड़ा बताकर मोबाइल पर लिंक भेजी थी।

## ग्वालियर मंदिर हादसे पर सीएम सख्त, सीएसपी हटाए,तीन टीआई

# शीतला माता मंदिर के गेट और दीवार से टकराया, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता

## मुख्यमंत्री ने हादसे की विस्तृत जांच कराने के भी निर्देश दिए है

डीआर संवाददाता॥ ग्वालियर।

ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुए बर्हनाक हादसे के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर कार्रवाई करते हुए संबंधित सीएसपी को तत्काल हटाने और तीन टीआई सहित आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हादसे की विस्तृत जांच कराने के भी निर्देश दिए है, ताकि दुर्घटना के कारणों और सुरक्षा व्यवस्था में हुई संभावित चूक का पता लगाया जा सके।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक ट्रक बेकाबू होकर मंदिर के गेट और दीवार से टकरा गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ट्रक के अचानक लोगों की चीख निकल गई। बताया गया है कि ट्रक खाताव सुपर स्पैप के जरिए सरसा तलाश रहा था। हालांकि, दुर्घटना की वास्तविक परिस्थितियों और इसके लिए जिम्मेदार कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा।



गाइड्स बल गया और ट्रक के अचानक लोगों की चीख निकल गई। बताया गया है कि ट्रक खाताव सुपर स्पैप के जरिए सरसा तलाश रहा था।

### मृतकों और घायलों को आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को राहत और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना के बाद मंदिर की और आने वाले मार्ग पर भारी सहन के प्रवाह और पेडस्ट्रियन की व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन इन पहलुओं की भी जांच कर रहा है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने जताया दुख



मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## 109 साल पुराने 35 हजार के कर्ज पर ब्रिटेन का जवाब

### सीहोर के रुठिया परिवार को नहीं मिला संतोषजनक समाधान

डीआर संवाददाता॥ सीहोर।



प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने अंग्रेजों और भारतीय सैनिकों के परिवार को मदद के लिए 35 हजार रुपये के कर्ज का मामला पास साल बाद फिर गर्म है। सीहोर के सोमाजसेवी विनय सक्सेना के परिवार का दावा है कि उनके पूर्वज सेठ जुल्मा साल सदियन ने वर्ष 1917 में ब्रिटिश सरकार को यह राशि कर्ज के रूप में दी थी। अब इस मामले में कानूनी नोटिस के जवाब में ब्रिटेन के यूके डेट मैनेजमेंट ऑफिस ने कहा है कि जांच के दौरान ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, जिससे सरकार की वित्तीय देनदारी स्थापित हो सके।

### राजनैतिक एजेंट के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज होने का दावा

सक्सेना परिवार के अनुसार, उनके पास उपलब्ध कर्ज से संबंधित पुराने लिखित दस्तावेज और राजनैतिक एजेंट के हस्ताक्षर वाले रिसीवर मौजूद हैं। परिवार मानता है कि यूके सरकारों की प्रामाणिकता की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि राशि किस उद्देश्य से दी गई थी और उसके भुगतान की शर्तें क्या थीं।

### अब दस्तावेजों की जांच पर टिकी नजर

ब्रिटिश विभाग के जवाब के बाद मामले में नई जानकारी सामने आई है। परिवार के पास मौजूद कागज जो एक पासपोर्ट और सरकारी रिकॉर्ड से मेल खाता स्वतंत्रता करना अब महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए पुराने अभिलेखों, बकाया कर्ज की शर्तों और भुगतान से पहले रिकॉर्ड की जांच जरूरी है।

क्या आज भी बकाया है कागजी ऊँगाकारे? 108 साल पुराने इस मामले में फोकस यही दिए जाने का दावा पर्याप्त नहीं है। यह भी देखना होगा कि कर्ज की शर्तें क्या थीं, परिवार भुगतान हुआ था या नहीं और वर्तमान कानून के तहत कोई देनदारी बनती है या नहीं।

## भोपाल में जयस कार्यकर्ताओं का हंगामा महिला ने पुलिसकर्मी को जड़ दिया थप्पड़

### निलंबित टीआई रतन सिंह परिहार के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर प्रदर्शन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में जयस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भिड़ंत हो गया। गुरुवारदी निलंबन की मांग कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता पर प्रशान आक्रमक को थप्पड़ मारने का आरोप है। घटना रविवार दोपहर 2:30 बजे की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जबस कार्यकर्ता निलंबित टीआई रतन सिंह परिहार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने रस्ते रोकने की कोशिश की तो दोनों पक्षों के बीच बहसा शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और नारेबाजी शुरू हो गई। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता ने भीड़ से निकलकर अचानक प्रशान आक्रमक को थप्पड़ मार दी। इस दौरान अन्य जवानों के साथ झुमाझटकी भी हुई। घटना के वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में है। फिलहाल प्रकरणकारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। प्रदर्शन के दौरान एक होती मेंबासू भीड़ हुई।



## ड्राइवर और रिक्शा चालक के घायल होने की खबरय मुंबई पुलिस जांच में जुटी

### टाइगर श्राफ पर फायरिंग का दावा, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से सोशल मीडिया पोस्ट

डीआर संवाददाता॥ मुंबई।

चॉलीपुल अभिनेता टाइगर श्रीफ से जुड़ी कथारित दी धमकी सामने आने के बाद मुंबई में हलचल मच गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जुहू के जेवीपीडी सर्कल के पास सड़क सवार तीन अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की। बताया गया कि घटना के समय टाइगर पूर्वनिर्धारित शूटिंग पर जा रहे थे। इस दौरान पांच से सात राउंड फायरिंग होने की जानकारी सामने आई है। घटना में अभिनेता के ड्राइवर और एक रिक्शा चालक के घायल होने की खबर है। हालांकि, इन जानकारियों की आधिकारिक पुष्टि अवरुद्ध है।



### सोशल मीडिया पोस्ट में जिम्मेदारी लेने का दावा

मिली जानकारी के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का दावा करने वाले एक शख्स ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और सम्पत नेहरू के नाम से घटना की जिम्मेदारी लेने की बात कही गई है। पोस्ट में अभिनेता को जहने वाले संदेश का स्क्रीनशॉट भी साझा किया गया है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना के बाद मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच की टीमों और पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज जब्त कर ली है। साथ ही गोलीबारी में इस्तेमाल हथियार और आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## दूसरे के फार्म हाउस का सौदा कर 2 जवानों से 40 लाख ठगे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

एक जालसाज द्वारा दूसरे के फार्म हाउस दिखाकर उसका एग्रीमेंट कर लगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने सीआरपीएफ के दो जवानों से एग्रीमेंट कर प्लॉट फार्म हाउस के 20-20 लाख रुपए लिए और गायब हो गया। गिरफ्तार पुलिस ने सीआरपीएफ जवान की शिकायत पर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है।

मिसरोद पुलिस के मुताबिक, सुनील तिवारी सीआरपीएफ में पदस्थ हैं। वह कौशल नगर में रहते हैं। वर्ष 2025 में एक साथी जवान के माध्यम से उनकी मुलाकात राजेंद्र सिंह पंवार नामक युवक से हुई थी।आरोपी ने राम कोठी, सीहोर में फार्म-पांच हजार वर्गफीट के प्लॉट दिखाए थे। राजेंद्र ने उनको जमीन खुद की होना बताया था। सुनील से 51 हजार उनसे तथा उनके साथी ने एग्रीमेंट कराई 20 लाख रुपए ले लिए थे।

## 10वीं और 12वीं की प्रदेश स्तरीय मेरिट में स्थान पाने वालों को प्रोत्साहन राशि, जिला स्तर पर भी विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ,51 हजार रुपये तक पुरस्कार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मध्यप्रदेश सरकार अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहाई के लिए प्रेरित करना है।

### 10वीं में 30 हजार, 12वीं में 51 हजार रुपये

योजना के तहत 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 30 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर 25 हजार, तीसरे पर 20 हजार, चौथे पर 15 हजार और पांचवें पर 10 हजार और छठवें स्थान पर पांच हजार रुपये मिलेंगे।

वहीं, 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 51 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर 40 हजार, तीसरे पर 30 हजार, चौथे पर 20 हजार, पांचवें पर 15 हजार और छठवें स्थान पर 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**जिला स्तर पर भी पुरस्कार**

योजना के तहत निर्धारित मेरिट सीटों में आने वाले 10वीं और 12वीं के 63-63 विद्यार्थियों को जिला स्तर पर एक-एक हजार रुपये देने का प्रावधान है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### ये विद्यार्थी होंगे पात्र

योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी अनुसूचित जाति वर्ग का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान का नियमित विद्यार्थी होना और संबंधित बोर्ड की परीक्षा में निर्धारित प्रदेश स्तरीय मेरिट में स्थान प्राप्त करना अनिवार्य है।

### ऐसे करें आवेदन

इच्छुक विद्यार्थी अपने विद्यालय के प्राचार्य या जिला अनुसूचित जाति कल्याण कार्यालय से आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ले सकते हैं। आवेदन के लिए जाति प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण और पासपोर्ट आकार का फोटो तैयार रखें। आवेदन की समय-सीमा और अन्य आवश्यक शर्तों की पूर्ति संबंधित जिला कार्यालय से अवश्य करें।

## योजना | हर ब्लॉक में दो दिवसीय प्रतियोगिताय दूसरे और तीसरे स्थान पर 50 हजार व 25 हजार रुपये का इनाम

## छह लीटर या अधिक दूध देने वाली गाय के पालक को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने गोपालकों को प्रोत्साहित करने और दूध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की नई गोपालकुलन राज्य पुरस्कार योजना की शर्तों जय कर दी है। योजना के तहत वर्धमित 313 पुंडावन गांवों में गोपालकों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें छह लीटर या इससे अधिक प्रतिदिन दूध देने वाली गाय के पालक पुरस्कार के पात्र होंगे। दूध उत्पादन के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर पहले तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

योजना के तहत प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में दो दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित होगी।



इसके लिए प्रति ब्लॉक 50 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले गोपालकों का पंजीयन किया जाएगा। आयोजन के दौरान गायों के चारे-पानी, टेंट और अन्य व्यवस्थाओं पर भी राशि खर्च होगी।

### पांच साल में खर्च होंगे 35 करोड़ रुपये

सरकार ने वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्षों के लिए योजना का बजट लगभग 35 करोड़ रुपये निर्धारित किया है। इस पर प्रतिवर्ष करीब 7.16 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान है। प्रत्येक पंचायत गांव की आबादी 2,000 से कम और पात्र पशु न्यूनतम 500 गोवंश होना जरूरी है।

योजना का उद्देश्य प्रदेश में दूध उत्पादन को वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाना, ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाना है। सरकार दूध संकलन को भी 10 लाख लीटर से बढ़ाकर 60 लाख लीटर तक ले जाने की दिशा में काम कर रही है।

## प्रदेश में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए जल्द नई परियोजना शुरू की जाएगी, मुख्यमंत्री

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए जल्द नई परियोजना शुरू की जाएगी। सबजैन जिले के शाम गजरौलीकी में रविवार को 22.34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास और रोजगार से जुड़ी कई घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनगर में पहले प्रोस्तेटिन पार्क बनाया जाएगा। इससे स्थानीय निवासियों और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। बहनगर में कवि प्रदीप सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। भट पचलाना और इगोदिया में नए सार्वजनिक विद्यालय खोले जाएंगे।



उन्होंने बताया कि उज्जैन और आगर में आलू प्रसंस्करण की नई इकाइयां शुरू हो रही हैं। ये इकाइयां प्रदेश के 35 जिलों के किसानों से आलू खरीदेंगी, जिससे उन्हें आपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये के सिंहस्थ विकास कार्य प्रगतिरत हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा योजना भी शुरू की गई है, जिससे सामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन आसान हुआ है। उन्होंने दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दिया।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | आश्विन शुक्ल पक्ष 09 - 2083 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 19 अक्टूबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** सब डिवीजन ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आष्टा) आष्टा वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट आष्टा जिला पुरस्कार हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। हर विकासखंड से 5 उत्कृष्ट किसानों, जिला स्तर पर गठित 10 उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

### सीहोर।नकात्रिक्ष गरीह माता मंदिर में आज भंडारा

**सीहोर।** शहर के विंध्याचल स्थित प्राचीन गरीह माता मंदिर में नवरात्रि के आठवें दिन रविवार को मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा सहित अन्य सेवादारों द्वारा नवमी के आयोजन की तैयारियां की गई हैं। सोमवार सुबह साढ़े सात बजे हवन प्रारंभ होगा। सुबह साढ़े दस बजे हवन की पूर्णाहुति और महाआरती के बाद भंडारा शुरू किया जाएगा।

### टीबी रोग से बचाव, रोकथाम और उपचार आसान

**सीहोर।** क्षय रोग से बचाव और रोकथाम के लिए आम नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि हैं कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, शूल न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं। समय पर इसका का इलाज संभव है। इसके लिए 6 माह और पद्धति का इलाज लेना अनिवार्य है।

### बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर 28 को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश बाल अभियोग संरक्षण आयोग द्वारा 28 अक्टूबर को जिला पंचायत सीहोर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर (बैंच) का आयोजन किया जाएगा। आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा की सदस्यगिरि में आयोजित यह शिविर प्रात: 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। शिविर बाल उत्पीड़न संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुनवाई करना है।

### चुनरी यात्रा निकाली

**सीहोर।** नगर स्थित रानी मोहल्ला में जय महाकाल दुर्गा उत्सव समिति की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा गंज क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होती हुए दशहरा मैदान पहुंची। इसके बाद यात्रा रानी मोहल्ला लौटी, जहां विसर्जित माता की झांकी के समक्ष महाआरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता की आरती के बाद प्रसादी वितरित की गई। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह रहा।

### पैराक्लेट डाइक्लोराइड के उपयोग पर लगाया प्रतिबन्ध

**सीहोर।** राज्य शासन ने पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार ने इस संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**सतर्कता** ग्वालियर हादसे के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता, सीसीटीवी से निगरानी

# अष्टमी और रविवार के संयोग पर सलकनपुर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

डीआर संवाददाता»सीहोर

शारदीय नवरात्रि के अष्टमी पर्व और रविवार के अवकाश के चलते प्रसिद्ध मां विजयासन धाम सलकनपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर पहुंचने वाले वाहनों का सिलसिला जारी रहा। पूरी पहाड़ी जय मता दी के जयकारों से गूंज उठी। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती। मंदिर परिसर से लेकर प्रमुख मार्गों तक पुलिसकर्मी तैनात रहे, वहीं बाइकर्स सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी इंतजाम किए गए।

शनिवार-रविवार की रात ग्यारहवें से सुबह सात बजे तक आरती के बाद सलकनपुर में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती गई। ग्वालियर से बेसरा, दुआ की ओर से आने से रास्तक किनारे चल रहे और कतार में लगे श्रद्धालु हादसे का शिकार हुए थे। इस घटना को ध्यान में रखते हुए सलक-पुर में एलकी वाली गेंद के बीच किसी भी तरह की लापरवाही से बचने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

कुम्भी एसडीओपी वरि शर्मा के अनुसार, नवरात्रि के दौरान ग्वालियर से हुए सड़क हादसे के बाद सलकनपुर में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती गई। ग्वालियर से बेसरा, दुआ की ओर से आने से रास्तक किनारे चल रहे और कतार में लगे श्रद्धालु हादसे का शिकार हुए थे। इस घटना को ध्यान में रखते हुए सलक-पुर में एलकी वाली गेंद के बीच किसी भी तरह की लापरवाही से बचने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

कुम्भी एसडीओपी वरि शर्मा के अनुसार, नवरात्रि के दौरान सुरक्षा बल तैनात किया गया है। डीएसपी रैंक के अधिकारियों और विभिन्न थानों के प्रभारियों को भी व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। अस-पास्तिक दलों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

### पार्किंग और यातायात के विशेष इंतजाम

श्रद्धालुओं के वाहनों की भीड़ से सुरक्षा मार्ग पर जाम न लगे, इसके लिए अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए गए हैं। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने के साथ श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। मार्ग में पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है।

### पदयात्रियों के लिए जगह-जगह भंडारे

ना दिवासमन के दर्शन के लिए दूर-दराज से कई संख्या में श्रद्धालु पैदल सलकनपुर पहुंच रहे हैं। पदयात्रियों की सुविधा के लिए श्रद्धालु स्तरों पे ए मार्ग पर निशुल्क भंडारे लगाए हैं। यहां कलाहार, पूरी-सब्जी, फल, पाव और पानी का वितरण किया जा रहा है। इससे पैदल आने वाले गलों को रास्ते में भोजन और जलपान की सुविधा मिल रही है।

### सुबह 3 से रात 12 बजे तक दर्शन

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह सुबह 3 बजे से रात 12 बजे तक खुले रखे गए। आरती के अवसर पर मंदिर में भव्य हवन का आयोजन किया गया। नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की जारी है। मंदिर में प्रतिदिन लगभग 80 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। रविवार और अवकाश के दिनों में संख्या और बढ़ जाती है।

### इस बार 151 अखंड ज्योत प्रज्वलित

मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु मां के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं। इस नवरात्रि में कुल 151 ज्योत जलवाई गई हैं। मंदिर समिति द्वारा इसके लिए एक विशेष स्थान के लिए 1500 रुपये की रसीद निर्धारित की गई है। ये ज्योत पूरे नौ दिनों तक प्रज्वलित रहती हैं।

# एसपी ने देर रात किया पुलिस चौकी लाइकुई का औचक निरीक्षण



डीआर संवाददाता»सीहोर

आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना ने शनिवार को थाना मैरूंदा एवं गोपालपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान रात लगभग 11 बजे एसपी अचानक लाइकुई पुलिस चौकी पहुंचीं और औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाइकुई चौकी पर तैनात कर्मचारियों में ज़ोखिट सतर्कता का अभाव मिला।

स्वाथ की डायल 112 के कर्मचारी भी शासन नहीं पाए गए। इस संबंध में उनका स्पष्टीकरण लिया जाकर पुलिस से कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने थाना मैरूंदा एवं गोपालपुर क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र के आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की। यहां उन्होंने थाने के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और लंबित आपराधिक प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। एसपी ने संपत्ति संबंधी अपराधों, पुराने वारंटियों की धरपकड़, अवागानिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत कार्रवाही और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना गोपालपुर के प्रस्तावित नवीन भवन हेतु चिन्हित जमीन का भी मुआयना किया गया। प्रशासनिक दृष्टिकोण से उपयुक्त सुविधाजनक, यातायात मार्ग और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए जमीन का तकनीकी जांचकर निरीक्षण किया गया। एसपी ने थाना प्रभारी गोपालपुर को निर्देशित किया कि निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराएं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

डीआर संवाददाता»जावर



इंदौर-गोपाल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना अमला थाने के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिलीप सिंह पड़दर निवासी अमलीरा, जिला धार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जावर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार इस हादसे की मुख्य वजह बनी। पुलिस ने सड़क के परिजनों को सूचना दे दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# 27: आरक्षण की मांग पर ओबीसी महासभा का आंदोलन 28 से

डीआर संवाददाता»सीहोर

ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने हस्ताक्षरी आंदोलन का ऐलान किया है। परिवार को निजी स्तर पे बलासका से ग्यारहवीं तक की शिक्षा मुफ्त दिलाने की मांग को लेकर ओबीसी वर्ग के विधायकों व पदाधिकारियों ने गांधी चौराहा पर मौनी अनशन की शुरुआत की है। आंदोलन लगाते हुए कहा कि अब आंदोलन पीछे नहीं हटेगा। इसकी शुरुआत 28 तारीख से विभिन्न वर्गों में जाएगी मजबूत वर्ग में महासभा के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह यादव के नेतृत्व में हस्ताक्षरी अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। इसके बाद 28 तारीख को विधायक, सांसद, कलेक्टर और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेज, 21 अक्टूबर तक जमा होगी परीक्षार्थियों की सूची

डीआर संवाददाता»सीहोर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस सत्र की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत स्कूलों में परीक्षार्थियों की सूची यानी लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स (एलओसी) जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना विलंब शुल्क के सूची जमा करने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड में किसी स्तर की त्रुटि न रहे, इसके लिए स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को बुलाकर आयोजन में दर्ज जानकारियों का सत्यापन करा रहे हैं।

स्कूल प्रबंधन के अनुसार, एलओसी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की अंतिम सूची होती है। इसी में दर्ज जानकारी के आधार पर विद्यार्थियों के पंजीयन, रोल नंबर और प्रवेश पत्र तैयार किये जाते हैं। इसके बाद अंकसूची बनाने की प्रक्रिया पूरी होती है। इसलिए सूची में दर्ज प्रत्येक जानकारी का सही होना अनिवार्य है।

### अभिभावकों से करवा रहे जानकारी का मिलान

स्कूलों ने विद्यार्थियों के नाम, जन्म-तिथि, लिंग, श्रेणी और पिताओं के कोर्स जैसी जानकारियों की जांच की जा रही है। कई जगह आयोजन करके अभिभावकों को सूचनाएं दी जा रही हैं। ऐसी त्रुटियां अंकसूची में आने पर विद्यार्थियों को भविष्य में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इसी को लेकर में ऐसे हुए स्कूल अधिकारियों की चुटकर इसके होने के आयोजन ने इन जानकारी का मिलान कर रहे हैं। डिजिटल मोड में अनुसार, जानकारी में किसी भी तरह की गलती न रहने के लिए अंतिम घड़ी तक स्कूलों के पास सुधार करने का विकल्प खुला रहेगा। इसके बाद सूची बोर्ड को भेज दी जाएगी।

### गलती होने पर बढ़ सकती है परेशानी

बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, एलओसी जमा होने के बाद उसमें बदलाव या सुधार का अवसर नहीं मिलेगा। ऐसे में छात्र को एग्जाम में रखते हुए स्कूल संवेदनशील बरत रहे हैं। सीहोर जिले में 20 से अधिक सीबीएसई स्कूल संचालित हैं, जहां लगभग 8 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

# 4 दिन बाद सीहोर में बूंदाबांदी, 24 अक्टूबर तक बारिश के आसार

डीआर संवाददाता»सीहोर



मानसून की विदाई के बाद जिले में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। शनिवार को श्यामपुर क्षेत्र में बारिश हुई, जबकि रविवार को सीहोर शहर में गुनगुनाती दर्ज की गई। शहर में 24 दिन बाद बारिश हुई है। इससे पहले 23 सितंबर को पानी गिरा था। मौसम में आए इस बदलाव से व्यापारियों में हलचल देखी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 अक्टूबर तक जिले में नरकट-चमक और हल्की हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आरएके कॉलेज स्थित डायरेक्ट कृषि मौसम सेवा केंद्र के मिलिंदा डी. राजेंद्र सिंह तोमर के अनुसार, बादलों के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम साफ होने के बाद तेज हवा का असर बढ़ने की संभावना है।

### मावठे से सिंचाई में मिल सकती है राहत

संभावित की कटाई के बाद किसान रबी फसलों की बोवनी के लिए खेत तैयार कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में बोवनी शुरू हो चुकी है। ऐसे में मावठे की बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ने पर किसानों को राहत मिल सकती है। पर्याप्त नमी होने पर सिंचाई की जरूरत भी कम हो सकती है। हालांकि, इसका वास्तविक लाभ बारिश की मात्रा और खेतों में मौजूद नमी पर निर्भर करेगा।

### सामान्य से 282.7 मिमी कम बारिश

जिले में अब तक औसतन 1057 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1067.3 मिमी बारिश हुई थी। जिले की सामान्य जैसता बारिश 1148.4 मिमी है। इस तरह वर्तमान बारिश सामान्य से लगभग कम है।

### गेहूं का रकबा घटने की आशंका

कम बारिश का असर रबी फसलों की बोवनी पर भी पड़ सकता है। पिछले साल जिले में गेहूं का रकबा 3.48 लाख से घटाकर 3.44 लाख हेक्टेयर किया गया था। वहीं, चने का रकबा 33,500 से बढ़ाकर 37,500 हेक्टेयर किया गया था। इस बार गेहूं के रकबे में कितना बदलाव होगा, यह बोवनी के बाद और किसानों के रुझान के आंकड़े सामने आने के बाद स्पष्ट होगा।

**प्रकाश पर्व** लंगर में श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण, शाम को निकली शोभायात्रा

# नवरात्रि पर भक्तिमय माहौल, प्रयागराज के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन,

डीआर संवाददाता»सीहोर



सीहोर। शहर के जोलीपुरा स्थित प्राचीन श्रीगुरसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में माता की भव्य प्रतिमा विराजित की गई है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना की जा रही है। संत मधव दास महाराज के सान्निध्य में महाआरती पर विशेष आरती की गई। वहीं, सोमवार को नवमी के अवसर पर हवन, महाआरती और कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर में प्रयागराज से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला में सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। महंत सुजेंद्र ने बताया कि रामलीला के प्रारंभ में महंगी विघ्नहर्ता जी स्वयं भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जनकपुर पहुंचे। राजा जनक ने माता सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था। उन्होंने प्रण लिया था कि जो वीर भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में उपस्थित अनेक राजा धनुष को हिला तक नहीं सके। रावण के वहां पहुंचने पर आकाशवाणी हुई, जिसमें बाद वह लौट गया।

स्वयंवर में किसी भी राजा के धनुष न उठा पाने पर राजा जनक निराश हो गए और उन्होंने कहा कि यदि उन्हें ज्ञात होता कि पृथ्वी पर कोई वीर नहीं है, तो ये ऐसा प्रण नहीं करते। इस पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम आगे आए और उन्होंने सहजता से शिव धनुष उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाई। इसी दौरान धनुष टूट गया और उसकी गूंज से पूरा रंगालय गुंजायमान हो उठा। धनुष टूटने की आवाज सुनकर भगवान परशुराम सभा में पहुंचे। वहां परशुराम और लक्ष्मण के बीच रोचक संवाद हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# किसानों ने सीहोर-कालापीपल मार्ग पर लगाया जाम, वाहनों की कतारें

डीआर संवाददाता»धनखेड़ी

ग्राम नांदनी में आठ दिन से बिजली आपूर्ति बाधित होने से नटसुन और प्याज की फसलों को सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे नाराज ग्रामीणों ने रविवार को विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सीहोर-कालापीपल मार्ग पर जाम लगा दिया। एक घंटे से अधिक समय तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। खोती के महत्वपूर्ण समय में सिंचाई नहीं होने से किसानों को फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने और नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि आठ दिन से बिजली बंद होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे उन्हें सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ा। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों के बीच बापस में विवाद भी हो गया। बाद में जाम खुलने पर आवागमन दोबारा शुरू हुआ।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष,09- 2082 सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 19 अक्टूबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### ढोल-ढमाकों के बीच निकली चुनरी यात्रा

**खाचीका** । नवरात्र के अवसर पर खाचीखेड़ा गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई। गांव में चुनरी लेकर ये ढोल-ढमाकों की धुन पर झूमते श्रद्धालु गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरे तो माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। चुनरी यात्रा छतरी चौराहा से शुरू होकर श्रीराम मंदिर, नीक मोहल्ला, शिव मंदिर और पीपल चौराहा सहित गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंतरी माता मंदिर पहुंची। यहां मंडोभवारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और माता रानी को चुनरी अर्पित की गई।

### गूंजे जयकारे, मां को अर्पित किया छप्पन भोग

**बिलकिसगंज** । नवरात्रि पर सोमवार रात बिलकिसगंज के जीरण मोहल्ले स्थित देवी पंडाल में महाआरती और छप्पन भोग का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा की आरती हुई। भारी से पूजा-अर्चना कर माता रानी के जयकारे लगाए। आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि राजेश जाटव, मनोज मेवाड़ा और संजय पंवार मौजूद रहे। नवरात्रि के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग देवी पंडालों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। दूसरी ओर श्रद्धालुओं की ओर से पूजा अर्चना और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### गरबा कर की मां दुर्गा की आराधना

**बिलकिसगंज** । बिलकिसगंज के गांधीया स्थित मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल परिसर में शनिवार रात गरबा महोत्सव में विद्यार्थियों और हॉस्पिटल स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने संगीत की धुनों पर सामूहिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। आकर्षक प्रस्तुतियों से परिसर में लगभग तीन रंग बिखर गए। प्रतिभागियों ने गरबा के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। मानसरोवर गरबा महोत्सव में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्यों की सहभागिता रही। आयोजन ने सभी को एक साथ उल्लास मनाने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर दिया। चार दी विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी मिला।

### मधु कला में विराजित हुईं मां ब्रह्मचारिणी

**बुदनी** । मधु कला में मां ब्रह्मचारिणी दुर्गा उत्सव समिति की ओर से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में से मां ब्रह्मचारिणी की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति द्वारा हर साल नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। पंडित रामकुमार शुक्ला ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाएगी। 17 अक्टूबर को मां ब्रह्मचारिणी की महाआरती कर उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर जावलखेड़ा से आए कलाकारों ने भजन

### गायत्री मंदिर में सामूहिक कन्या भोज, किया सम्मान

**भैरूंदा**। सिद्धपुर सेवा भारती समिति पैकोड़ा के तत्वावधान में गायत्री मंदिर प्रांगण में सामूहिक कन्या भोज का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। समिति के सदस्यों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। आयोजन के माध्यम से

**सुविधा मिली** आष्ट में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़, झोलाछाप डॉक्टरों पर सवाल

# अवैध क्लीनिक और मेडिकल स्टोर के संचालन का आरोप, किराए के लाइसेंस पर चल रहीं पैथोलॉजी

डीआर संवाददाता»आष्टा।

नगर में स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आ रहा है। मंडी-मोहल्लों में संचालित निजी क्लीनिक बिना वैध लाइसेंस के मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी लैब की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि कुछ झोलाछाप डॉक्टर मरीजों को बिना उचित चिकित्सकीय जांच के दवाएं दे रहे हैं। इनमें कैसी एंटीबायोटिक्स के इंजेक्शन भी शिकायतों में शामिल हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लगभग दो सप्ताह पहले अस्पताल के पीछे, कन्सीव पैथ, कॉलोनी चौराहा, सेन्ट्रो रोड, अतीपुर, जसाटोपरा, बुधवारा और गांधी मंदिर के आसपास कई निजी क्लीनिक और मेडिकल स्टोर संचालित



होने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि कुछ स्थानों पर क्लीनिक संचालकों ने अपने साथ ही मेडिकल स्टोर भी खोल रखे हैं, जहां मरीजों को दवाएं दी जाती हैं। कुछ मेडिकल स्टोर के पास वैध लाइसेंस और पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता को लेकर भी जांच की आवश्यकता बताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

### पहले भी सामने आ चुका है मामला

कुछ महीने पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी में अनियमितता पाए जाने पर एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार भी किया था। उस समय भी कई निजी क्लीनिकों और पैथोलॉजी लैब के संचालन को लेकर सवाल उठे थे। इसके बावजूद नगर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह शिकायत भी है कि कार्रवाई की खबरों पहले ही लीक हो जाने से संदिग्ध संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर देते हैं।

### किराए के लाइसेंस पर लैब संचालन का आरोप

नगर की पैथोलॉजी लैब की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ लैब किराए पर लिए गए पैथोलिजिस्ट के लाइसेंस के आधार पर संचालित हो रही हैं, जबकि खुद करने पहले खोले की योग्यता और तकनीकी दक्षता की स्थिति स्पष्ट नहीं है। यदि जांच आवश्यक व्यक्तियों से कराई जाती है या रिपोर्ट में त्रुटियां होती हैं, तो मरीजों के उपचार पर इसका असर पड़ सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित लैब के दस्तावेजों, कर्मचारियों की योग्यता और जांच प्रक्रिया का सत्यापन जरूरी है।

### संयुक्त जांच की मांग

नागरिकों ने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोल विभाग से संयुक्त टीम बनाकर क्लीनिक, मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी लैब की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि लाइसेंस, विधिसम्मत योग्यता, कार्मिकों की उपलब्धता, दवाओं के बिल और तय संचालन के मानकों की जांच की जाए। रिपोर्ट का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। सीएचएमओ डॉ. अमित मालवीय को अनुमान, जांच कराने की योग्यता और तकनीकी दक्षता की स्थिति स्पष्ट नहीं है। यदि जांच आवश्यक व्यक्तियों से कराई जाती है या रिपोर्ट में त्रुटियां होती हैं, तो मरीजों के उपचार पर इसका असर पड़ सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित लैब के दस्तावेजों, कर्मचारियों की योग्यता और जांच प्रक्रिया का सत्यापन जरूरी है।

# चोरी का खुलासा, ग्वालियर से आरोपी गिरफ्तार 80 हजार के चांदी के जेवर बरामद




डीआर संवाददाता»दोराहा।

थाना दोराहा पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब 80 हजार रुपये कीमत के चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। मामले में शामिल दूसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त 2025 को लोहरे रोड दोराहा निवासी गोपालदास प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना दोराहा में अपराध क्रमांक 194/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) और 331(3) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### साइबर डाटा से मिला सुराग

पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी रावरीया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी प्रेम नारायण गोयल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश डंगे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान साइबर सेल से प्राप्त डाटा और संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस को आरोपियों के संबंध में सुराग मिले। लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने ग्वालियर के आरोपी लोकेंद्री क्षेत्र से चौहान नरवरिया उर्फ बबलू (41) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी जितेंद्र अहिरवार उर्फ जीतू उर्फ लंगड़ा के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से चोरी करना बताया।

## सामूहिक कन्या पूजन और भोज, सेवा व संस्कार का दिया संदेश

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर सिद्धपुर सेवा भारती समिति, नगर मैरूंदा के तत्वावधान में सामाजिक समरसता के साथ गरबा महोत्सव का विद्यार्थियों और हॉस्पिटल स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने संगीत की धुनों पर सामूहिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। आकर्षक प्रस्तुतियों से परिसर में लगभग तीन रंग बिखर गए। प्रतिभागियों ने गरबा के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। मानसरोवर गरबा महोत्सव में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्यों की सहभागिता रही। आयोजन ने सभी को एक साथ उल्लास मनाने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर दिया। चार दी विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी मिला।



दिया गया। आरतीय परंपरा में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रि में उनके पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। इसी अवसर को आगे बढ़ाते हुए समिति ने सामूहिक कन्या भोज आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को पारंपरिक परंपराओं से जोड़ना रहा। आयोजन में खंड संयोजक हरनारायण पौठ, जिला सेवा प्रमुख पारस, नगर अध्यक्ष भिजेंद्र जार्ड, नगर कार्यवाह पार्षद गोपी, नगर संघचालक लोकेश्वर, सह कोषाध्यक्ष राजी पाटी और नगर सेवाधाम अध्यक्ष मालती शिशिर, महिला अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्कार केंद्र की शिक्षिकाओं ने भी सहभागिता की।

## प्राचीन जगदीश मंदिर के सामने बने शौचालय को हटाने की मांग

डीआर संवाददाता» सीहोर



शहर के प्राचीन क्षेत्र में स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के सामने बने शौचालय को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि शौचालय से आने वाली दुर्गंध के कारण मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शौचालय को मंदिर के सामने से हटाने की मांग की है। श्रद्धालुओं के अनुसार, प्राचीन जगदीश मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मंदिर शहर के मध्य स्थित है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर के सामने शौचालय होने से व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि मंदिर की गरिमा और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस शौचालय का संचालन किया जाना चाहिए।

मंदिर परिसर में परमार समाज द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की धार्मिक महत्ता और वहां आने वाले भक्तों की संख्या को देखते हुए आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना आवश्यक है। शौचालय को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी दूर हो सकती है। प्राचीन जगदीश मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## महाअष्टमी पर देवी मंदिर पर मंदिरों में कन्या भोजन एवं भंडारों का आयोजन



डीआर संवाददाता»अहमदपुर

पिछले दो दिनों से चली आ रही मां की भक्ति के दौरान मंगलवार को यहां महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में मां को मालपुआ का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद कन्या भोजन व भंडारों का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के मंदिरों में मालपुआ की खासी भीड़ रही।

क्षेत्र के देवीपुरा अहमदपुर के बनखेड़ा की टेकरी माता मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की खासी भीड़ रही। वहीं क्षेत्र के भोल स्थित मां खोडल योगनी माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। दुर्गा चालीसा में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लग रही है

पौराणिकसिनी समिति द्वारा श्रद्धालुओं को खीर वितरण किया गया। वहीं शक्तिपुरा स्थित शांकला माता मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। करखेड़ा की मां हिंगलाज मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। वहीं क्षेत्र के भोल स्थित मां खोडल योगनी माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। दुर्गा चालीसा में दर्शन के लिए भक्तों की खासी भीड़ रही।

## बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव एवं उपचार की दी सलाह

डीआर संवाददाता»सीहोर

बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं समुचित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों को सलाह दी है कि निमोनिया से जागरूकता, निमोनिया का वर्गीकरण, लक्षणात्मक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एआरआई उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया से संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी से सीहोर में बच्चों में निमोनिया के लक्षण ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपडेट किया गया है। निर्देशों कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया संपर्क के संक्रमण है। जिससे बचने में सूचना दी जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का संसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह हैं।

## सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर बैठक आज



डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर। शहर के खेल मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को दोपहर 3 बजे मैदान पर स्थित स्टेडियम में जिला फुटबाल एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन एसोसिएशन के सचिव आलोक उपाध्याय की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस बैठक पर खेल एवं युवा कार्यकारी शामिल रहेंगे। वहीं यहां पर जारी अवार शहरीय लूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के एक तरफा मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर वाहक को 2-0 से हराया।

सोमवार की शाम को लूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर वाहक को 2-0 से हराया। इस मैच में दोनों ही टीम हाफ तक 0-0 की बराबरी पर थी, लेकिन डीएसवायडब्ल्यू की ओर से अंकित और कुशाल ने 1-1 गोल करते हुए अपनी टीम को 2-0 से एक तरफा जीत दिलाई।

नवंबर में कराई जाएगी सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि नवंबर को शहर के सभी मैदान पर होने वाली सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता में जिले की 10 टीम को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता की रूपरेखा को तय करने के लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी सीनियर खिलाड़ियों और पदाधिकारियों से दोपहर 3 बजे मैदान पर पहुंचने की अपील की।

**धार्मिक** मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। रात 8 बजे मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में महाआरती का आयोजन

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाअष्टमी पर देवी मंदिरों, स्थापना

डीआर संवाददाता»अहमदपुर

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाअष्टमी पर देवी मंदिरों, स्थापना स्थलों और घरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। रात 8 बजे मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ।

मंदिर को सुंदर से आए कलाकरों ने पहले से आकर्षक ढंग से सजाया। मां महिषासुर मर्दिनी का विशेष श्रृंगार किया गया। देवी उपासकों ने अपने



घरों में कुलदेवी की पूजा कर आरती की।

कई परिवारों के सदस्य जो बाहर शहरों में रहते हैं, वे भी महाअष्टमी पर घर लौटे और मां की पूजा में शामिल हुए। मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी नीता वेंजरवाल ने बताया कि महाआरती को देखते हुए मंदिर के पास पुलिस बल तैनात किया गया था। बुधवार को महा नवमी पर हवन-पूजन और कन्या भोजन के साथ नवरात्रि पर्व का समापन होगा।

## जावर में दशहरा उत्सव की तैयारियां तेज, हिंदू उत्सव



डीआर संवाददाता»जावर।

जावर। नगर में 508 साल श्रीरामदासा बाबा की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दशहरा पर्व की तैयार तैयारियां तेज हो गई हैं। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी दशहरा उत्सव एवं मेले का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। पर्व को लेकर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तैयारियों को लेकर बैठक की और कार्य जारी होने वाले भक्तों की सेवा को देखते हुए आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना आवश्यक है। शौचालय को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी दूर हो सकती है। प्राचीन जगदीश मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष-09, 2083 विदिशा,दिन सोमवार,दिनांक 19 अक्टूबर,2026


## न्यूज गैलरी

### 52 पुराने कैपेसिटर बैंक किए प्रतिस्थापित

**विदिशा।** एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता टेक्निकल एमआई मंसूरी ने बताया कि कंपनी ने ऐसे 52 पुराने कैपेसिटर बैंकों को रिप्लेस किया था, जिनकी उपयोगी आयु पूरी हो चुकी थी और जो अनेक कैपेसिटिव लचरों नहीं दे पा रहे थे। इनके स्थान पर अधिक क्षमता वाले नए कैपेसिटर बैंक स्थापित किए गए हैं। इससे रिएक्टिव पावर कंपनसेशन क्षमता में अब तक 300 एमवीएआर की वृद्धि हुई है।

### प्रत्येक रविवार-थाना परिवार के तहत योग

**विदिशा।** पुलिस ने रविवार को जिले के सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में साप्ताहिक रविवार-थाना परिवार पहल के तहत योग-ध्यान, सम्मान, अवसर सम्मेलन और प्रशिक्षण गतिविधियां कराई। यह कार्यक्रम कैलाश मकवाना के निर्देशन, एसिडएल मिश्र और राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन तथा रोहित कटारमल की अगुवाई में हुआ।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के आवेदन 30 तक

**विदिशा।** सत्र 2026-27 के लिए अन्य राज्यों में अध्ययनरत पिछड़ावर्ग के विद्यार्थियों के पोस्ट मैट्रिकछात्रवृत्ति आवेदन 30 तक जमा होंगे। संस्था प्रमुखों को आवेदन जिलास्तरीय, पिछड़ा वर्ग कल्याण के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### मंडी में तीन दिन नीलामी बंद रहेगी

**विदिशा।** दुर्गा अष्टमी, महानवमी और दशहरा पर्व के चलते कृषि उपज मंडी में लगातार चार दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस संबंध में अनाज मिलहन व्यापारी संघ सी ओर से व्यापारियों को सूचना जारी की गई है। आज सोमवार 19 अक्टूबर को नवमी और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व का अवकाश रहेगा। बुधवार 21 अक्टूबर को मंडी द्वारा दशहरा के दूसरे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। इसके चलते इन चार दिनों में मंडी में नीलामी कार्य नहीं होगा। संघ से किसानों ने छुट्टी के दिनों में गड़ी के उपज न लाने की अपील की है।

### जिले के 7 सबस्टेशनों में 120 एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंक संचालित

**विदिशा।** मध्य पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने जिले के 7 अतिरिक्त उच्चदाब सबस्टेशनों में 120 एमवीएआर क्षमता के 10 कैपेसिटर बैंक संचालित किए हैं। इनमें विदिशा और गंजबासौदा के 220 केवी तथा सहजना, लटेरी, शमशाबाद, ग्यारसपुर और सिरोंज के 132 केवी सबस्टेशन शामिल हैं। इनसे वोल्टेज स्थिरता बनाए रखने और सुगमआपूर्ण बिजली आपूर्ति में मदद मिल रही है। प्रदेश में कुल 750 कैपेसिटर बैंक संचालित हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 93835 एमवीएआर है। कंपनी ने पुराने 52 कैपेसिटर बैंकों को बदलकर क्षमता में 309 एमवीएआर की वृद्धि की है।

### आवक बढ़ी, दीपावली से एक दिन पहले रात में लगती है फूलों की मंडी

**विदिशा।** नवरात्रि को लेकर मंडी में फूलों की आवक बढ़ गई है। अभी फूलों के दाम भी कम हैं। रविवार को मंडी में 50 रुपए ढाई से तीन किलो की फूलों से भरी पॉलीथिन बेची गई। अब फूलों की आवक पर ब्रेक लग जाएगा और दीपावली के दो दिन पहले से बाजार में फूल दिखाई देंगे और इनके दाम भी बढ़ जाएंगे। फूलों की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि पौधों में दो से तीन बार ही

## त्योहारों से पहले विदिशा पुलिस सतर्क, छह व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक

# कोतवाली पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश, दशहरा आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा



नवरात्रि, दशहरा और आगामी त्योहारों को देखते हुए विदिशा पुलिस ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रों में लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने छह व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं, दशहरा पर्व पर रावण दहन के आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने जैन कॉलेज मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त छह व्यक्तियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त छह व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

वह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित कटारमल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और नगर पुलिस अधिकारी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई के तहत देवेंद्र प्रजापति (25), निवासी महानीम चौराहा, थाना शमशाबाद, सुनम जोशी (23), निवासी शांति मंदिर के पास वेतिहत रेलवाय (21), निवासी जवाहरगुरुय संजू कुशवाह (27), निवासी बरखुपुरा हसीन खान (45), निवासी रैकाकटक और अनुराग यादव (24), निवासी संजापुर को विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस ने सभी छह व्यक्तियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनंद राज सहित थाने के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही।

### संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने आमजन से त्योहारों के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस का उद्देश्य लोगों के बीच कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

### दशहरा आयोजन की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

दशहरा पर्व पर रावण दहन के आयोजन को आयोजित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने जैन कॉलेज मैदान पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान चयनित रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर रोड प्रबंधन और सुरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीना ससराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, एसडीएम मनीष जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, नगर पालिका चीफ्मओ दुर्गेश ठाकुर और राजनीतिक तौकीले के सहित डॉ. अनिल शर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासन और पुलिस का प्रयास है कि दशहरा पर्व के दौरान रावण दहन कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## मुक्तिधाम में बाइक चोरी का प्रयास, सीसीटीवी कैमरा तोड़कर भागे संदिग्ध



डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

शहर के मुक्तिधाम परिसर में बाइक चोरी का प्रयास कर रहे दो संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। दोनों अज्ञात संस्कार में शामिल होने आए लोगों की मोटरसाइकिलों में चाबियां लगाकर उन्हें चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। कैमरे की जानकारी लगने पर एक संदिग्ध ने पत्थर प्रवेश द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया। मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

मनोज पांडे के अनुसार, मुख्य प्रवेश द्वार पर कुछ दिन पहले ही सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया था। घटना के दौरान दोनों संदिग्ध परिसर में दाखिल हुए और वहां खड़ी मोटरसाइकिलों में चाबियां लगाकर उन्हें खोलने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान एक संदिग्ध की नजर कैमरे पर पड़ी। वह गेट के सहारे ऊपर चढ़ा और कैमरे को तोड़ दिया। हालांकि, कैमरा नीचे लटक गया, जिससे घटना के दृश्य रिकॉर्ड हो गए।

कार्यालय में लगी मॉनिटर पर संदिग्ध गतिविधियां देखकर कर्मचारी घबर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों संदिग्ध चरणतीर्थ मार्ग स्थित छोटे पुल की ओर भागकर वहां खड़ी अपनी बाइक से फरार हो गए।

पहले भी हो चुकी है चोरी की घटनाएं

पांडे ने बताया कि मुक्तिधाम परिसर के मंदिरों से तांबे के दो नाग और आठ बीट से अधिक छोटा स्टील का त्रिशूल चोरी हो चुका है। इसके अलावा, एक बाइक से पेट्रोल निकालने और अंतिम संस्कार मार्ग के पास से स्प्लेंडर बाइक चोरी होने की घटना भी सामने आई है। समिति ने पुलिस से मुक्तिधाम परिसर में नियमित निगरानी बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

## बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो चक्काजाम करेंगे किसान

डीआर संवाददाता ▸▸ ग्यारसपुर



अघोषित बिजली कटौती, खाद की कमी, सोयाबीन फसल का सुखाया और बीच रात्रि नहीं मिलने जैसी समस्याओं को लेकर रविवार को किसान कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह किशर के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मितेश पांगी सहित पदाधिकारियों और किसानों ने कहा कि अटारी, खेजड़ा स्थित उपस्थान के गांवों में कई महीनों से अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इससे पलेवा और तिंचाई के काम प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने निर्धारित बिजली आपूर्ति और पर्याप्त लाइन एण्डलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन देते समय सोन की खरीफ फसल एवं चने कपासपर पात्र किसानों को सुविधाजनक और लंबित फसल बीमा राशि दिलाने की मांग भी उठाई गई। वहीं, धान दहलावाड़ की नलजल योजना में लंबित अनियमितताओं की जांच कराने और दोषियों को निर्धारित पैमाने उपलब्ध कराने की मांग की गई।

किसान नवरोज ने चेतावनी दी कि सम्बन्धांकों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों और ग्रामीणों के साथ चक्काजाम किया जाएगा।

## डीएपी की मांग बढ़ी, सहकारी समितियों में सीमित स्टॉक से किसान परेशान

### एमपीके 2100 से 2450 रुपए प्रति बोरी, सस्ती डीएपी के लिए भटक रहे किसान

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

रबी फसलों की बुवाई शुरू होने ही क्षेत्र में रासायनिक खाद की मांग बढ़ गई है। एनपीके की कीमत 2100 से 2450 रुपए प्रति बोरी तक पहुंचने के बावजूद किसान 1200 से 1350 रुपए वाली डीएपी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे डीएपी की मांग बढ़ गई है और किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।

पहले डीएपी और एनपीके की कीमतों में अंतर कम होने से किसान 12:32:16 और 10:26:26 ग्रेड का एनपीके भी खरीदते थे। इसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश जैसे पोषक तत्व होते हैं। अब दोनों खादों की कीमतों में अंतर बढ़ने से किसान डीएपी को प्राथमिकता दे रहे हैं।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों और विपणन संघ के गोदामों में डीएपी का सीमित स्टॉक पहुंच रहा है। वितरण शुरू होने के कुछ ही घंटों में खाद खत्म हो जाती है। निजी दुकानों पर भी किसानों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

कृषि उप संचालक सचिन जैन के अनुसार, डीएपी की आपूर्ति सीमित है। एनपीके भी फसलों के लिए उपयोगी विकल्प है।

## दशहरा आयोजन से पहले पुलिस-प्रशासन ने मैदान का किया

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा।



दशहरा पर्व पर रावण दहन और अन्य आयोजनों की तैयारियों को लेकर रविवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने जैन कॉलेज ग्राउंड स्थित दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया गया।

दशहरा पर्व पर मैदान में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर ध्यान दिया गया, ताकि आयोजन के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण में अपर कलेक्टर नीना ससराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, एसडीएम मनीष जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह और नगर पालिका चीफ्मओ दुर्गेश ठाकुर मौजूद रहे। अधिकारियों ने दशहरा आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## पुरानी मंडी में मिले शव की पहचान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा



बरईपुर स्थित दुसरी कृषि उपज मंडी में कूद गिरे व्यक्ति की पहचान लोहारी गोठल्ला निवासी पवन अहिरवार (पिता नाहरसिंग अहिरवार) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कुछ रोज पहले हुए हादसे में एसडी दोनों पैर खराब हो गए थे। वह चौरसेवेयर के सहारे रहता था और उसकी तबीयत भी अक्सर खराब रहती थी।

ग्रामवासियों के अनुसार, मंडी परिसर में मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया और पहचान के प्रयास शुरू किए। बाद में परिजन अस्पताल पहुंचे और मृतक की पहचान पवन अहिरवार के रूप में की।

### मंडी परिसर में बिताता था समय

परिजनों ने बताया कि पवन अविवाहित था और उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका था। वह अक्सर मंडी परिसर में समय बिताता था। घटना की सूचना मिलने पर उसकी मौसी और नौसेरा भाई जिला अस्पताल पहुंचे।

मौत का कारण स्पष्ट नहीं

कोतवाली थाने के एसआई अनिल कुमार यादव के अनुसार, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिलाधिकारी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बेतवा श्रमदान**

## बेतवा नदी के शुद्धिकरण के लिए महलघाट पर लगाया फाउंटेन

### रुरु नौ वर्षों से अधिक समय से श्रमदान कर रही महलघाट सेवा समिति ने निजी खर्च से की पहल, पानी में ऑक्सीजन बढ़ाने का प्रयास

डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा



बेतवा नदी को स्वच्छ रखने और घाटों के सुशिक्षरण के लिए महलघाट सेवा समिति लंबे समय से प्रयास कर रही है। समिति के सदस्यों द्वारा नौ वर्षों से अधिक समय से महलघाट पर श्रमदान और साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति ने अपने खर्च पर बेतवा नदी के महलघाट पर फाउंटेन स्थापित किया है। इसका उद्देश्य नदी के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाना और जलीय जीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

महलघाट सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि बेतवा नदी की धारा टूटने और शोरशाट के नाले से लगातार गंदगी आने के कारण महलघाट क्षेत्र में पानी की स्थिति खराब हो रही है। पानी में ऑक्सीजन की कमी के चलते मछलियों के मरने की समस्या भी सामने आई है। इस स्थिति को देखते हुए समिति ने नदी के पानी को शुद्धतक सुधारने के लिए पहल की।

तीन हॉर्स पावर की मोटर से संचालित होगा फाउंटेन

समिति के सचिव करण राजपूत ने फाउंटेन विशेषज्ञ मनीष मोहन से संपर्क कर महलघाट पर तीन हॉर्स पावर की मोटर से संचालित फाउंटेन स्थापित कराया। समिति के अनुसार, फाउंटेन से पानी में हलचल बढ़ेगी, जिससे उसमें ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इससे जलीय जीवों को संतुलित भोजन और पानी की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है।

### प्रशासन के सामने पेश की मिसाल

महलघाट सेवा समिति की इस पहल को नदी संरक्षण की दिशा में सामुदायिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। समिति का मानना है कि यदि नदी के अन्य घाटों पर भी जरूरत के अनुसार ऐसे फाउंटेन लगाए जाएं और नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए, तो पानी की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिल सकती है। हालांकि, नदी को पूरी तरह स्वच्छ रखने के लिए नालों से आने वाली गंदगी को रोकना भी जरूरी है।

इस कार्य में जतीष नेगा, सोनू चक्रवर्ती, सुरेंद्र शर्मा, सचिन सक्सेना, अन्नु राजपुरोहित, मनीष, अंकित, कार्तिक, निलेश राजपूत, आदिल पीर, अंकित, राणा, लक्की, देवेंद्र साहू और गुन्ना नेगा सहित समिति के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## में निकली 401 मीटर लंबी चुनरी यात्रा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



डीआर संवाददाता ▸▸ विदिशा

सार्वजनिक नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को विदिशा में 401 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। करैयाखेड़ा रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए दुर्गा नगर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में चुनरी लेकर चल रहे थे। रास्ते पर बज रहे देवी भजनों की धुन पर सभी नाचते-गाते आगे बढ़े। पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ अपनी आस्था प्रकट की।

### दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद समापन

हनुमान मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा का समापन दुर्गा नगर स्थित दुर्गा मंदिर में हुआ। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और माता रानी के दर्शन किए। नवरात्र की अष्टमी पर मां महागौरी की आराधना के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा में महिलाओं और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

# डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | आश्विन शुक्ल पक्ष-09, 2083 | राजगढ़, दिन सोमवार, दिनांक 19 अक्टूबर, 2025


## न्यूज गैलरी

### नवोदयः तारीख बढ़ीय 22 तक निःशुल्क आवेदन

राजगढ़। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कलनारिया सुसनकी में कक्षा 9वीं और 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 22 अक्टूबर तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित थी। शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए प्रवेश पार्टिय प्रवेश चयन परीक्षा (मिड-2027) आयोजन हो होगा। आवेदन के बाद विद्यार्थियों को एक और जरूरी मौका मिलेगा। 23 से 25 अक्टूबर तक सुधार विंडो खुली रहेगी।

### निकली 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा

राजगढ़। मां दुर्गेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा लक्ष्मिया रामनाथ माता मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए मां अन्नपूर्णा माता के मंदिर पहुंची। वहां महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। चुनरी यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। सभी ने उत्साह के साथ चुनरी यात्रा में भाग लिया।

### ओबीसी की गणना व आरक्षण की मांग

राजगढ़। जनगणना-2027 में ओबीसी के लिए अलग कॉलम और 27 प्रतिशत आरक्षण बहाली की मांग को लेकर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा और किसान सेना भारत ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला अध्यक्ष बनवत सिंह दांगी के नेतृत्व में सौंपा गया। इसमें आगामी जाति जनगणना में ओबीसी की अलग गणना के लिए कॉलम निर्धारित करने और 27 प्रतिशत आरक्षण बहाल करने की मांग की गई। इस दौरान हीरासिंह सोलिया, नारायणसिंह सोलिया, मांगीसिंह तंवर, बद्रीलाल तंवर रतनगढ़, गहेश वर्मा और मनोहरसिंह मीना सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर में गूंज रहीं रामचरितमानस की चौपाइयां

पचलना। शारदीय नवरात्रि पर छिंदी स्थित नवरात्रि मंदिर आश्रम के संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी दिनरात्रि नवाह पारायण पाठ जारी है। 11 अक्टूबर से शुरू आयोजन में श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक रामचरितमानस का सामूहिक पाठ कर रहे हैं। नवरात्रि मंदिर के महंत कौशल किशोर दास महाराज ने बताया कि पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा से प्रेरणा मिलती है। आयोजन में स्कूल संचालिका, गोपाल गुप्ता, टीकम गुप्ता, सतिन सक्सेना, दुर्गा प्रसाद शर्मा, और पंकज सिकरवार सहित श्रद्धालु शामिल हैं

### डीआईजी चंदेल ने किया थानों का निरीक्षण

बोड़ा। भोपाल देहात रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने सनिवार को राजगढ़ जिले के सुसनेर और बोड़ा थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली, लंबित अभियोगों, रजिस्टरों, थाना परिसरों और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को साफ-सफाई, खेल मैदान विकसित करने और पुलिसकर्मियों की फिटनेस पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

## करेड़ी से जालपा धाम तक निकली 256 मीटर लंबी चुनरी यात्रा, 18 किमी पैदल चले श्रद्धालु

# लगातार 14वें वर्ष निकली यात्रा, रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़



शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर रविवार को करेड़ी और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने लगातार 14वें वर्ष मां जालपा चुनरी यात्रा निकाली। मां शैलपुत्री नवयुवा उत्सव समिति और शाखाधिकारियों के सहयोग से आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। श्रद्धालु 256 मीटर लंबी चुनरी लेकर करीब 18 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए राजगढ़ स्थित मां जालपा धाम पहुंचे। ढोल-ढमाकों और डीजे पर गूंजते माता के भजनों के बीच पूरे रास्ते जयकारे लगते रहे। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा

रविवार को राम करेड़ी के शीतला माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। श्रद्धालु हाथों में चुनरी थामकर मां जालपा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। रास्ते भर बच्चे और महिलाएं मटकों से यात्रा के मार्ग को चिह्नित करने का काम करती रहीं। वाहनों को भी भागीदारी से आयोजन को विशेष बना दिया।

### जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

जैसे ही करेड़ी से मां जालपा धाम तक निकली यात्रा का विभिन्न स्थलों पर स्वागत किया गया। कुडीये जोड़, नाना गांव, बरलेखा, करेड़ी चौक, मंडी गेट, खिलचीपुर नाका और देवडिये सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का अभिनंदन किया।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शरबत और शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। रास्ते में मिले स्वागत और सेवा से यात्रियों का उत्साह बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी यात्रा में शामिल होकर धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था जताई।

### 14 वर्षों से निभा रहे परंपरा

इस करेड़ी से लगातार 14वें वर्ष निकाली गई इस चुनरी यात्रा में बच्चों की आस्था और सहभागिता देखने को मिली। महिला-पुरुषों के साथ बच्चों और बुजुर्गों ने भी पैदल चलकर मां जालपा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। मां जालपा धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और यिलेश्वरियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। माना ही क्षेत्र में आपसी मेल, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की। आयोजन में ग्राम करेड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों के कई लोग भी श्रद्धालु शामिल हुए।

## कुरावर में नाले में मिला नवजात बालिका का शव



डीआर संवाददाता ✉ कुरावर।

नगर पंचिया क्षेत्र के लक्ष्मीढ़िया रामनगर स्थित पार्ट कालोनी-2 के पीछे मोहल्ले में रविवार शोपहर सरकारी स्कूल के पीछे बने नाले में नवजात बालिका का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे कुछ बच्चे नाले के पास खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में तैरते नवजात के शव पर पड़ी। बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद दिलीप सिंह पंवार के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई।

थाना प्रभारी जितेंद्र गवई और उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी स्थिति

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नवजात के शरीर पर गर्भनाल लगी हुई थी। इससे प्रथम दृष्टया यही संभावना जताई जा रही है, लेकिन जन्म और मृत्यु के समय की सटीक चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस के अनुसार, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है और नवजात की पहचान सहित अन्य पहलुओं पर पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 11 केवी लाइन की चपेट में आने से युवक घायल, दोनों हाथ झुलसे

### राजगढ़ के पीटी कंपनी क्षेत्र की घटना, रहवासियों ने अनुपयोगी लाइन हटाने की मांग की

डीआर संवाददाता ✉ खातर।

शहर के पीटी कंपनी के पीछे घनी खजाची बस्ती में रविवार दोपहर 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से 25 वर्षीय दिहान पुत्र हनीफ खान गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर काम के दौरान यह बिजली लाइन की चपेट में आया। हादसे में उसके दोनों हाथ झुलस गए।



लाइन हटाने के लिए कई बार की शिकायत

कॉलोनीवासियों हुसैन खान, हनीफ, दिलीप सिंह सोलंकी, फ्लोट सिंह और रवि डाकी के अनुसार, संबंधित लाइन करीब चार-पांच साल पहले बद्द कर दी गई थी और सप्लेक्शन पूरानी लाइन पर स्थानांतरित कर दिए गए थे। रहवासियों का कहना है कि करीब दो साल पहले पुरानी लाइन में दोबारा करंट छोड़ दिया गया। इसे हटाने के लिए बिजली कंपनी, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

रहवासियों ने बताए के अनुसार खबरों पर भी बिजली उपकरणों और जर्जर खंभों के खतरे होने की बात कही।

**एक सप्ताह में लाइन हटाने का आश्वासन**

बिजली कंपनी के अधिकारी डेनेड बर्गेस ने बताया कि पीटी कंपनी क्षेत्र की लाइन पुरानी है और बाद में यहां मकान बन गए। लाइन शिफ्टिंग की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन व्यवहारों के कारण जान नहीं ले सकर। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर लाइन हटाने और नयी पोल लगाने का आश्वासन दिया है।

## एनपीएस खातों में 50 से 70 हजार रुपए की कमी का दावा, शिक्षकों में परेशाानी

### शिक्षक संघ ने जांच की मांग उठाई, पिता शिक्षाधिकारी बोले- तथ्यों के आधार पर होगी पहलात

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

जिले में कई शिक्षकों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों में 50 से 70 हजार रुपए तक की कमी दिखाई देने का दावा किया गया है। अंतरराष्ट्रीय शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल दास ने इस मामले में शिक्षा विभाग से जांच कराने की मांग की है।

गोपाल दास के अनुसार, जिले में सैकड़ों शिक्षकों के खातों में राशि कम होने की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि सीधे बाजार में निवेश का अंतर एनपीएस नियम पर पड़ा हो सकता है। इस स्थिति से शिक्षकों में अपने भविष्य की बचत को लेकर चिंता है। जिला शिक्षाधिकारी रावन पटीदार ने बताया कि कोरोना काल में भी एनपीएस खातों में नकारात्मक रिटर्न की स्थिति बनी थी। हाल के महीनों में बाजार में गिरावट के कारण भी ऐसा संभव है। हालांकि, खातों में राशि कम होने की शिकायतों की जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि संबंधित शिक्षक संघटनों के साथ शिकायत प्रस्तुत करें, ताकि तथ्यों की पड़ताल की जा सके।

## बायपास के पास सुबह 6 बजे हुआ हादसा खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 8 घायल, 5 यात्री गंभीर

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

सारंगपुर आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह करीब 6 बजे गोपालपुरा बायपास के समीप खड़ी बस को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ यात्री घायल हो गए, जिनमें पांच को गंभीर चोटें आई हैं। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, सनावत बस क्रमांक यूपी 78 पी 5731 इंदौर से अलीगढ़नगर जा रही थी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। चौपालघर चाय के लिए बस को बायपास के समीप रोका गया था। इसी दौरान ट्रक क्रमांक यूपी 32 एचयू 3498 ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं, अन्य घायलों को गंभीर रूप से पहुंचने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की गई।

## शीतला माता मंदिर में कन्या भोज, सामूहिक आरती के बाद बांटी

### महिला मंडल ने 23वें वर्ष आयोजित किया कार्यक्रम, कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद

डीआर संवाददाता ✉ जीरापुर।



शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर स्थित शीतला माता मंदिर में महिला मंडल द्वारा 23वें वर्ष कन्या भोज एवं कन्या पाद पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुनारी चालीसा और सामूहिक आरती उतारी।

आरती के बाद कन्या भोज प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की। महिला मंडल की सदस्यों ने कन्याओं को तुलसीपत्र और अक्षत से तिलक लगाकर उनके पैर पूजे तथा आशीर्वाद लिया।

शीतला माता मंदिर में नवरात्र के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर में विशेष रामलीलाओं से पहले भी विभिन्न समाजों के लोग माता पूजन करने आते हैं। विशेष के शुभ अवसर पर वर-वधू के परिवारजन पूजा-अर्चना कर मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत करते हैं।

नवरात्र के दौरान महाजनी सेवा समिति परिवार द्वारा प्रतिदिन सायं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इसमें श्रद्धालु माता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## रामलीला रामलीला में रावण-विभीषण प्रसंग का मंचन, श्रीराम की शरण में पहुंचे

# श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के आयोजन में रामेश्वरम स्थापना का प्रसंग भी प्रस्तुत किया

डीआर संवाददाता ✉ जीरापुर



श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय रामलीला में रविवार रात रावण-विभीषण प्रसंग का मार्मिक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से रामायण के प्रसंगों को जीवंत किया। रामलीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मंचन के दौरान दिखाया गया कि अहंकार में चूर रावण ने अपने भाई विभीषण की उचित सलाह को अनसुना कर उनका अपमान किया और लात मारकर लंका से निकाल दिया। इसके बाद विभीषण ने भगवान श्रीराम की शरण लेने का निर्णय किया। रामदल में पहुंचकर उन्होंने प्रभु श्रीराम के समक्ष शरणागति प्रस्ताव रखा। भगवान श्रीराम ने विभीषण को शरण देकर अपनी करुणा और उदारता का परिचय दिया। इसके बाद विभीषण के राज्याभिषेक और रामेश्वरम स्थापना के प्रसंग का भी मंचन किया गया। इन प्रसंगों के मंचन से धर्म की विजय, सत्य और सदाचार का संदेश दिया गया।

### रामलीला का आयोजन 54 वर्षों से हो रहा

श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा पिछले 54 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों से लेकर 76 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक गोपनलाल गुप्ता सहित स्थानीय कलाकार विभिन्न भूमिकाओं में जीवंतता दे रहे हैं। गोपनलाल गुप्ता लंबे समय से कलाकारों का मार्गदर्शन करते आ रहे हैं।

इस वर्ष मंचन श्रीराम की भूमिका दिलीप जनौदर, सीता गीता की भूमिका इंदिरा पांडी और लक्ष्मण की भूमिका प्रवास गौड़ निभा रहे हैं। रावण के पात्र में योगेश अग्रवाल और अशोक दांडी तथा हनुमान की भूमिका में शानू जोशी और अशोक सेन अभिनय कर रहे हैं। व्यास पीठ से गोपाल आचार्य प्रसंगों पर वर्णन कर रहे हैं। मंडल के कलाकारों और सहयोगियों की सहभागिता से रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और धार्मिक संस्कृति का संदेश दिया जा रहा है।

## केबल डालते समय नगर में फूटी पाइपलाइन, दो घंटे तक बहता रहा पानी

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

नगर में भूमिगत केबल डालने के दौरान विद्युत उपकरण के सामने आई बाधा के कारण जेसीबी चालक ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी। इससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। करीब दो घंटे तक पानी बहता रहा, वहीं आसपास के कई घरों में जलापूर्ति प्रभावित होने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, एक कंपनी द्वारा नगर में केबल बिछाने का काम किया जा रहा है। इसी दौरान मिलिंग आपार्य प्रसंगों पर वर्णन कर रहे हैं। मंडल के कलाकारों और सहयोगियों की सहभागिता से रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और धार्मिक संस्कृति का संदेश दिया जा रहा है।



सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेकर जेसीबी के ऑपरेटर को फटकार लगाई और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

घटना से भूमिगत केबल बिछाने के दौरान पहले से मौजूद पाइपलाइनों की सूचना और सावधानी बरतने की जरूरत को सामने ला दिया।